3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

विपिन और मयंक दोनों
साथ-साथ पढ़ते हैं।

रामलाल गाँव में
रहता है।

ऊपर लिखे वाक्यों को विस्तारपूर्वक लिखा गया है, जिससे वाक्य बहुत लंबे हो गए हैं और सुंदर भी नहीं लगते। अतः वाक्य में प्रयुक्त रंगीन श स्थान पर एक शब्द लिखकर वाक्यों को छोटा और सुंदर बनाया जा सकता इन वाक्यों का रूप इस प्रकार हो जाएगा–

विपिन और मयंक दोनों सहपाठी हैं।

रामलाल एक ग्राम

यहाँ रंगीन शब्दों के लिए क्रमशः ग्रामीण एवं सहपाठी शब्दों का प्रयोग गया है।

परिभाषा– जो शब्द वाक्य में किसी शब्द-समूह अर्थात अनेक शब्दों के पर प्रयोग किए जाते हैं, वे '**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द**' कहलाते हैं।

अपनी बात को कम शब्दों में कहना एक प्रकार की कला है। इससे प्रभावशाली और सुंदर हो जाती है।

निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के कुछ उदाहरण पढ़कर सम

1 Term

अनेक शब्द	एक शब्द
जिसको जीता न जा सके	अजेय
जिसके माता-पिता न हों	

1 Term

अनेक शब्द	एक शब्द
जो कभी बूढ़ा न हो	अजर
जिसके आने की निश्चित तिथि न हो	अतिथि
जिसके समान कोई दूसरा न हो	अद्‌वितीय
जिसका कभी अंत न हो	अनंत
जिसका कोई आदि (आरंभ) न हो	अनादि
पहले पैदा होने वाला (बड़ा भाई)	अग्रज
जिसके मन में दया हो	दयालु
भगवान को मानने वाला	आस्तिक
जिसका भाग्य बहुत अच्छा हो	भाग्यवान
अधिक बोलने वाला	वाचाल
प्रत्येक दिन होने वाला	दैनिक
महीने में एक बार होने वाला	मासिक
वर्ष में एक बार होने वाला	वार्षिक
परीक्षा देने वाला	परीक्षार्थी
मन को मोहित करने वाला	मनमोहक
जो सदा सत्य बोलता हो	सत्यवादी
आकाश में उड़ने वाला	नभचर
कविता लिखने वाली स्त्री	कवयित्री
जिसके मन में दया न हो	निर्दयी
जो क्षमा करने योग्य हो	क्षम्य
दूसरे देश की वस्तु	विदेशी
अपने देश की वस्तु	स्वदेशी
जल और थल दोनों पर विचरण करने वाला	उभयचर
जल में निवास करने वाला	जलचर
कड़वी बात बोलने वाला	कटुभाषी
साग-सब्जी खाने वाला	शाकाहारी
जिसके नीचे रेखा खिंची हो	रेखांकित
जो कभी न मरे	अमर
सब कुछ खाने वाला	सर्वाहारी

अभ्यास

1. नीचे दिए गए बॉक्स में से सही शब्द छाँटकर वाक्यांशों के सामने लि...
(लेखन गति...)

दैनिक अमर विदेशी अग्रज परीक्षार्थी

(क) जो पहले पैदा हुआ हो अग्रज

(ख) जो कभी न मरे अमर

(ग) दूसरे देश की वस्तु विदेशी

(घ) परीक्षा देने वाला परीक्षार्थी

(ङ) प्रतिदिन होने वाला दैनिक

2. नीचे लिखे वाक्यों में प्रयुक्त रंगीन शब्दों के लिए एक शब्द का ... करते हुए वाक्य दोबारा लिखिए–

(क) अलका कविता लिखती है।

अलका कवियित्री है।

(ख) मेरी माँ भगवान को बहुत मानती हैं।

मेरी माँ आस्तिक है।

(ग) रूपा का भाग्य बहुत अच्छा है।

रूपा भाग्यवान है।

(घ) नवीन के माता-पिता नहीं हैं।

नवीन अनाथ है।

(ङ) अखिल के मन में बिल्कुल दया नहीं है।

अखिल निर्दयी है।

3. उचित मिलान कीजिए–

(क)	वर्ष में एक बार होने वाला	(i)	परीक्षार्थी ङ
(ख)	साथ पढ़ने वाला	(ii)	कटुभाषी ग
(ग)	कड़वी बात बोलने वाला	(iii)	सहपाठी ख
(घ)	मन को मोहित करने वाला	(iv)	जलचर च
(ङ)	परीक्षा देने वाला	(v)	वार्षिक क
(च)	जल में निवास करने वाला	(vi)	मनमोहक घ